अपने चरणों का सेवक बना लो माँ भजन लिरिक्स

हमें अपने गले से लगा लो माँ,
अपने चरणों का सेवक,
बना लो माँ।bd।

तेरे भवन पर जो भी आये,
मुंह माँगा वर तुझसे पाए,
कब होगा दीदार माँ तेरा,
बैठे हैं हम आस लगाए,
अपने गोदी में हमको,
बिठा लो माँ,
अपने चरणो का सेवक,
बना लो माँ।bd।

तेरे हवाले जीवन नैया,
कर दी हमने सुनलो ये मैया,
बीच भंवर में डूब ना जाए,
पार लगा दो बनके खिवैया,
मेरी नैया को तुम ही,
सम्भालो माँ,
अपने चरणो का सेवक,
बना लो माँ।bd।

मैं भी आन पड़ा दर तेरे,
दूर करो माँ ग़म के अँधेरे,
तू है माँ ममता की मूरत,
हम बालक अनजान हैं तेरे,
बात 'राणा' की अब तो,
ना टालो माँ,
अपने चरणो का सेवक,
बना लो माँ।bd।

हमें अपने गले से लगा लो माँ,
अपने चरणों का सेवक,
बना लो माँ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com